भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1275

13 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

बलियांटा तहसील में बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान

1275. डा. प्रशांत नन्दा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा सरकार ने खोरधा जिले की बलियांटा तहसील में बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान के स्थायी परिसर के निर्माण के लिए वर्ष 2013 में 25 एकड़ भूमि आबंटित की है;

(ख) यदि हाँ, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) स्थायी परिसर के निर्माण के लिए संस्वीकृत की गई धनराशि और उस पर किए गए व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार इस परियोजना को कब तक पूरा करने का लक्ष्य रखती है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)से(घ): ओडिशा राज्य सरकार ने बीजू पटनायक नेशनल स्टील इंस्टिट्यूट (बीपीएनएसआई) को वर्ष 2013 में खोर्धा जिले के जगन्नाथपुर मौजा, बलियंता तहसील में 25 एकड़ पट्टाधारी भूमि आवंटित की है। भारत सरकार ने दिनांक 01.03.2021 को बीपीएनएसआई को पुरी से कलिंगनगर में जाजपुर के सामान्य सुविधा केंद्र में स्थित एक परिसर में स्थानांतरित कर दिया है। संस्थान के निदेशक मंडल, जो संस्थान के उद्देश्य, वित्तीय आवश्यकताओं आदि की देख-रेख करने के लिए जिम्मेदार है, को दिनांक 29.09.2022 को पुनर्गठित किया गया है।

****